सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 39 | इंदौर, शुक्रवार 22 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 83 हजार स्कूलों में 29 अगस्त को बनेगी शाला प्रबंधन समितियां, दो साल का होगा कार्यकाल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**।मध्यप्रदेश के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक और कक्षा 1 से 8 तक की संयुक्त शालाओं में 29 अगस्त को शाला प्रबंधन समितियों (एसएमसी) का गठन किया जाएगा। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टरों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। शाला प्रबंधन समितियां शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बनाई जाती हैं। इनका कार्यकाल दो साल का होता है। समितियों की जिम्मेदारी स्कूल में बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्कूल की सुविधाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर रहती है।

हर समिति में 14 पालक प्रतिनिधि, प्रधान शिक्षक, वरिष्ठ महिला शिक्षिका और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन बच्चों के पालकों में से होगा, जबकि प्रधान शिक्षक समिति के सदस्य सचिव रहेंगे। प्रदेश के करीब 83 हजार स्कूलों में एक ही दिन समितियों का गठन होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से अपील की है कि वे 29 अगस्त को स्कूल पहुंचकर समितियों में सक्रिय रूप से जुड़ें और शालाओं के विकास कार्यों में सहयोग दें। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पालकों एवं अभिभावकों से 29 अगस्त-2025 को स्कूल पहुंचकर, शाला प्रबंधन समिति से जुड़ने और शालाओं के विकास कार्यों में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।



## SC: 'नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ दें, आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए', सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### किसानों की खुशहाली के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने पर जोर

# सीएम बोले- 3 साल में 100 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की समृद्धि और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सिंचाई क्षेत्र का निरंतर विस्तार बेहद आवश्यक है। सीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि आने वाले तीन वर्षों में प्रदेश का सिंचाई क्षेत्र 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाए। फिलहाल प्रदेश में शासकीय स्त्रोतों से 52 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र सिंचित हो रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि जल केवल कृषि ही नहीं बल्कि उद्योग, पेयजल और ऊर्जा उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसलिए जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए विभाग को लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।**




### नदी जोड़ो परियोजनाओं से बदलेगी प्रदेश की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना और संशोधित पार्वती-काली-सिंध-चंबल लिंक जैसी अंतर्राज्यीय योजनाएं प्रदेश के लिए क्रांतिकारी साबित होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसी परियोजनाओं के लिए 90% राशि केन्द्र से उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नदियों को जोड़ने का सपना अब साकार हो रहा है और प्रदेश भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार जल्द ही आंतरिक नदी जोड़ो परियोजनाओं के सर्वे और प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र को भेजेगी।

### शिप्रा नदी पर 30 किमी लंबा घाट का निर्माण दो साल में होगा पूरा

बैठक के दौरान सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने शिप्रा शुद्धिकरण, घाट निर्माण और बैराज निर्माण कार्यों की प्रगति जानी। वर्तमान में शिप्रा नदी पर 30 किलोमीटर लंबाई में घाट निर्माण कार्य जारी है, जिसे 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इन घाटों से सिंहस्थ के दौरान एक दिन में लगभग 5 करोड़ श्रद्धालुओं को स्नान की सुविधा मिलेगी।

### पांच साल में 38 परियोजनाएं पूरी होंगी

बैठक में बताया गया कि रबी 2023-24 में प्रदेश का सिंचित क्षेत्र 44.56 लाख हेक्टेयर था, जो रबी 2025-26 में बढ़कर 52.06 लाख हेक्टेयर हो गया है। बीते डेढ़ साल में सिंचाई क्षेत्र में 7.50 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसमें जल संसाधन विभाग ने 2.39 और नर्मदा घाटी विकास विभाग ने 5.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ाया। आगामी पांच वर्षों में 200 करोड़ से अधिक की लागत वाली 38 परियोजनाएं पूरी होंगी, जिससे 17.33 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

# इंदौर की होप टेक्सटाइल मिल की 22 एकड़ जमीन का प्रशासन ने लिया कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के बरसों पुराने होप टेक्सटाइल मिल की 22 एकड़ जमीन का कब्जा प्रशासन की टीम ने गुरुवार को लिया। प्रशासन ने इसकी लीज निरस्त कर दी। शासन के स्वामित्व वाला बोर्ड भी लगा दिया। शहर के मध्य हिस्से में स्थित इस जमीन का बाजार मूल्य एक हजार करोड़ रुपये है। 86 साल पहले 1939 मे होलकर स्टेट ने जमीन आवंटित की थी। यह जमीन जिला कोर्ट के पीछे स्थित है।



पिछले दिनों जमीन को लेकर प्रशासन ने नोटिस जारी किए थे, लेकिन प्रबंधन की तरफ से जवाब में कहा गया कि जमीन की लीज शासन द्वारा दी गई है। लीजधारक शासकीय पट्टेदार की श्रेणी में है, इस कारण उसके खिलाफ सुनवाई का अधिकार शासन या कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण बुधवार को कलेक्टर ने सर्वे नंबर 282/2 की 22 एकड़ जमीन की लीज निरस्त कर दी। अपने आदेश में कलेक्टर ने पूर्व में इस तरह के मामले में हुई कोर्ट निर्णय का हवाला भी दिया गया। गुरुवार को कब्जा लेने के लिए टीम भी मौके पर जा पहुंची। जमीन की नप्ती लेने के बाद बोर्ड लगा दिया गया है।

इस जमीन के चार एकड़ हिस्से में जिला कोर्ट के वाहनों की पार्किंग की जा रही है,क्योकि जिला कोर्ट में वाहनों की पार्किंग की समस्या रहती है। इसके अलावा इस जमीन पर हर साल जत्रा महोत्सव भी आयोजित किया जाता है। होलकर स्टेट द्वारा जिस प्रायोजन को लेकर जमीन दी गई थी। प्रशासन ने माना कि उसके हिसाब से लीज का उल्लघंन हुआ है। इसके बाद होप टेक्सटाइल के प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया था। मिल प्रबंधन ने अतिरिक्त भूमि पर न्यू सियागंज मार्केट भी बनाया है। अब माना जा रहा है कि लीज निरस्ती का मामला फिर कोर्ट में जा सकता है।

**शिफ्ट करने का विचार कर रहा है इंदौर नगर निगम**

# बारूद के ढेर पर बैठी है सराफा चौपाटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के स्वाद की राजधानी बनने की बात करें तो करीब 80 साल पहले इसकी शुरुआत सराफा बाजार में जेवर और घेवर की बिक्री से हुई। चूंकि, सराफा होल्कर रियासत के मुख्यालय रजवाड़े के सबसे समीप था। इसलिए यह सोना चांदी, हीरे जवाहरात, कपास, अफीम के साथ मावा मिठाइयों और नमकीन का भी बड़ा बाजार बनकर उभरा। यहां मिठाइयों और नमकीन की नामचीन स्थाई दुकानों के साथ ही शाम से देर रात होटलों और ठेलों पर लगने वाली चाट चौपाटी देशभर में अपने स्वाद के लिए मशहूर है।



दो वर्ष पहले इंदौर में हुए प्रवासी भारतीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे। उन्होंने अपने संबोधन में इंदौर के खानपान की तारीफ करते हुए समोसे-कचौरी का जिक्र तो किया था, साथ नगर को देश में स्वाद की राजधानी कहकर देश भर में इंदौर का नाम और चर्चित कर दिया था। प्रवासी भारतीय सम्मेलन में इंदौर के खान-पान के स्थानों पर महत्वपूर्ण आगंतुकों ने जाने और स्वाद का जायका लेने की रुचि जाहिर की और सराफा तथा नई बनी चाट चौपाटी छप्पन दुकानों पर जाकर इंदौर के स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका लिया था। दो वर्ष पूर्व हरदा की पटाखा फैक्टरी पर हुए विस्फोट और जनहानि के बाद इंदौर की सराफा चाट चौपाटी की सुरक्षा को लेकर नगर निगम को चिंता हुई और एक समिति का गठन कर जांच कराई गई। इसमें यह निष्कर्ष निकला कि सराफा चौपाटी बारूद के ढेर पर बैठी है, क्योंकि यह चौपाटी खुले में लगती है और यहां संकरी गलियों में गैस भट्टियों का बगैर किसी सुरक्षा व्यवस्था के इस्तेमाल होता है। सराफा की कई चाट की दुकानों में फुटपाथ पर ही सामग्री तत्काल निर्मित की जाती है। सराफा में सोना-चांदी का कार्य होता है और उसमें तेजाब की जरूरत रहती है, आभूषणों के निर्माण में गैस का उपयोग होता है, संकरी गलियां और कोई अनहोनी होने पर फायर ब्रिगेड के वाहनों को पहुंचने में कई तकलीफों को देखते हुए चौपाटी पर रोज आने वाले सैक ड़ों लोगों की सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बन गया है। नगर निगम की रिपोर्ट के बाद से इस खान-पान की चौपाटी को शिफ्ट करने का विचार इंदौर नगर निगम कर रहा है। पिछले दिनों सराफा व्यापारियों ने भी मिठाइयों और नमकीन की परंपरागत दुकानों को छोड़कर अन्य दुकानों को शिफ्ट करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। सराफा व्यापारियों का यह भी कहना है कि रात में चौपाटी लगाने वाले दुकानदार शाम होने के पूर्व ही आ जाते हैं और उनकी जेवर की दुकानों के आगे दुकानें लगाते हैं और रोकने पर विवाद करते हैं। उन्होंने करीब 80 परंपरागत खाद्य पदार्थों की दुकानों को ही चौपाटी पर लगने देने और शेष दुकानों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। वहीं, कुछ सराफा व्यापारी चाहते हैं कि चाट चौपाटी की दुकानें लगें तो सभी लगें, नहीं तो एक भी नहीं रहनी चाहिए। हाल ही में यहां रात के समय नशे में लोगों के आने और विवाद करने के भी मामले सामने आए हैं। इसे लेकर भी सराफा व्यापारी इसे शिफ्ट कराने के पक्षधर हैं।

# 23 को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल करेंगे पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। इंदौर को क्लीन सिटी बनाने के बाद अब नगर निगम इसे ग्रीन सिटी बनाने पर फोकस कर रहा है। इसके लिए लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर इस वर्ष 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। निगम का दावा है कि अब तक करीब 5 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।**

नगर निगम उद्यान विभाग के प्रभारी राजेन्द्र राठौर के अनुसार, हरित क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। निगम ने शहरी सीमा में 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि 23 अगस्त को नायता मुंडला स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सामने सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कार्यक्रम होगा, जिसमें केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके अलावा बिचौली मर्दाना क्षेत्र की 18 एकड़ जमीन पर एक दिन में 25 हजार पौधे लगाने की तैयारी है। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में पौधारोपण कराने की योजना है। निगम अब तक यहां 10 हजार गड्ढे खुदवा चुका है। प्रदेश सरकार ने भोपाल और इंदौर में ऑक्सीजन पार्क बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत इंदौर नगर निगम कनाडिया रोड स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने गुलबर्ग परिसर के पीछे 11.82 एकड़ जमीन पर पार्क विकसित कर रहा है। इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) आईआईटी जोधपुर तैयार कर रहा है। रिपोर्ट तैयार होने तक यहां पौधारोपण का कार्य शुरू करने की योजना है।

# सिंगापुर टाउनशिप के अंडरपास की बाधा हुई दूर

**मंत्री श्री सिलावट की पहल पर प्रशासन और नगर निगम के अमले ने जल निकासी की समुचित व्यवस्था की**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया मोरी क्षेत्र में स्थित सिंगापुर टाउन शिप के अंडरपास में वर्षा के कारण जल भराव होने से यातायात अवरूद्ध हो रहा था। इस समस्या को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गंभीरता से लेते हुए निवारण के लिए तुरंत पहल की। उनकी पहल पर प्रशासन और नगर निगम के अमले ने अंडरपास में बड़े पम्प लगवाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की। अब अंडरपास में किसी भी तरह का जल भराव नहीं है। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि भविष्य में भी ऐसी व्यवस्था बनाये रखें, जिससे की जल भराव नहीं हो और नागरिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

लगातार हो रही बारिश से लसुड़िया मोरी स्थित सिंगापुर टाउनशिप के अंडरपास में जल भराव की समस्या को देखते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा से जल भराव की बार-बार होने वाली समस्या के स्थाई निराकरण हेतु चर्चा की। कहा कि जल निकासी के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये जाये तथा भविष्य में किसी प्रकार की जल भराव समस्या न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाए। मंत्री जी के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त एवं महापौर द्वारा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास में जल भराव की समस्या को देखते हुए जल निकासी हेतु स्थाई रूप से एक बड़ा पंप सेट भिजवाकर तत्काल जल निकासी की गई। मंत्री जी ने रेलवे के अधिकारियों से भी संपर्क कर पास ही बन रहे नवीन अंडरपास के निर्माण में गति लाने के निर्देश भी दिए।

# अहिल्याश्रम क्रमांक-2 की सैकड़ों छात्राओं ने मिट्टी के मंगलमूर्ति का किया निर्माण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल, पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के लिये मिट्टी के गणेश निर्माण की कार्यशाला का आयोजन शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में किया गया।**

प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि इस कार्यशाला में सैकड़ों की संख्या में छात्राओं ने उत्साह से भाग लेकर मंगलमूर्ति का निर्माण किया । छात्राएं स्वनिर्मित मूर्तियों की स्थापना अपने-अपने घरों में पूजा स्थल पर कर आगामी दस दिवसीय उत्सव के दौरान सर्वकल्याण की प्रार्थना सुबह-शाम करेंगी। सुनीता उपाध्याय ने छात्राओं को संकल्प दिलवाया कि वे सभी पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिये अनंत चतुर्दशी पर इन बनाई गई मूर्तियों का विसर्जन भी अपने घर पर शुद्ध जलपात्रों में कर उस जल को कुंडों में या बाग-बगीचों की क्यारियों में पूर्ण श्रद्धा के साथ करें। कार्यक्रम संयोजिका सुषमा राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि मंगलमूर्ति के शरीर के सभी अंग हमें जिंदगी जीने की सीख देते है। यथा भगवान का बड़ा सिर बड़ी सोच ,बड़े कान सभी की बातों को सुनना और अच्छी बातों को ग्रहण करना जैसे संदेश देते है। सरिता शुक्ला ने स्वास्थ्य के लिये घातक रासायनिक रंगों की बजाए प्राकृतिक रंगों का उपयोग मंगलमूर्ति के निर्माण में करने को कहा। कार्यक्रम में मंगलमूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण गायत्री परिवार के श्वेता पाल,रंजना कनाठे, अंजीरा पडलक, बालकृष्ण सोनी, गोपीकृष्ण खोदरे ने दिया।

# बिना अनुमति के लगे धर्म विशेष के बोर्ड

## विजयवर्गीय की चेतावनी के बाद निगम ने हटाना शुरू किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर में पार्षद फातमा रफीक ख़ान द्वारा बिना निगम एमआईसी की अनुमति के गलियों के नाम बदलकर धर्म विशेष के नाम पर बोर्ड लगाने का मामला सामने आया है। ये बोर्ड सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। जिसके बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने निगम को पत्र लिखकर तुरंत कार्रवाई की मांग की और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि एमआईसी की अनुमति के बिना पार्षद फातमा रफीक ख़ान के द्वारा लगाए गए बोर्ड असंवैधानिक हैं। उन्होंने पार्षद पर एफआईआर करने के निर्देश दिए और




सभी अवैध बोर्ड हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। महापौर ने कहा कि इस तरह की असंवैधानिक प्रक्रिया करने वाले पार्षद के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बता दें कि चंदन नगर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा में आता है। मामला तब उजागर हुआ जब आकाश विजयवर्गीय ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर अवैध बोर्डों की जानकारी दी। पत्र में उन्होंने कहा कि चंदन नगर की कुछ गलियों के नाम बदलकर धर्म विशेष के नाम पर कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी परिवर्तित नाम के बोर्ड तुरंत हटाकर पुराने नाम वाले बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस बदलाव में जिन अधिकारियों की मिलीभगत है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे भविष्य में कोई भी ऐसा कृत्य दोहराने की हिम्मत न करें। आकाश विजयवर्गीय ने पत्र में चेतावनी दी कि यह मामला गंभीर है और अगर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके बाद निगम का अमला चंदन नगर पहुंचा और अवैध रूप से लगवाए गए बोर्ड हटाने शुरू किए। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह काम केवल पार्षद अकेले नहीं कर सकते, इसलिए वार्ड से जुड़े सभी कर्मचारियों पर भी एफआईआर और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मामले के तूल पकड़ने के बाद पार्षद फातमा रफीक ख़ान के पति ने वीडियो बयान जारी कर अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि चंदन नगर में जिस बोर्ड का विवाद हुआ है, उसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ये गलियां पहले से इसी नाम से जानी जाती थीं। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं और इसमें पार्षद का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

# प्रताड़ना से तंग आकर मायके में जहर पी लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राऊ पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि पति उससे 20 लाख रुपए की मांग कर रहा था और लगातार परेशान करता था। प्रताड़ना से तंग आकर उसने मायके में जहर पी लिया। फिलहाल महिला का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। राऊ पुलिस के अनुसार, सिलिकॉन सिटी निवासी रीना गुप्ता ने 31 जुलाई की रात मायके में जहर खा लिया था। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। रीना ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी शादी अगस्त 2020 में बड़वानी जिले के राजपुर चौक निवासी संदीप गुप्ता से हुई थी। शादी में सोने-चांदी के जेवर दिए गए थे, लेकिन शादी के बाद सास ने सभी जेवर अपने पास रख लिए और कहा कि बहू इतने गहने नहीं पहनती। इसके बाद ससुराल वालों ने 10 लाख रुपए दहेज की अतिरिक्त मांग की। रीना ने जब पिता की आर्थिक स्थिति बताते हुए यह देने से इंकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई और दिसंबर 2020 में घर से निकाल दिया गया। इसके बाद रीना ने तलाक का केस कुटुंब न्यायालय में दायर कर दिया और सिलिकॉन सिटी में किराए के मकान में रहने लगी। रीना का कहना है कि कोर्ट पेशी के दौरान पति संदीप अक्सर विवाद करता और उसे धमकाता था। वह कहता था कि यदि 20 लाख रुपए नहीं दिए या तलाक नहीं हुआ तो उसे बदनाम कर देगा। संदीप के लगातार फोन कर परेशान करने से रीना तनाव में आ गई और 31 जुलाई की रात जहर खा लिया। बेटी ने समय रहते भाई को सूचना दी, जिसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने रीना की शिकायत पर पति संदीप गुप्ता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बर्थ-डे सेलिब्रेशन चाकू से काटा केक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चाकू से केक काटकर बर्थ-डे सेलिब्रेट करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों को थाने ले गई, जहां वे हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। आरोपियों का पहले से आपराधिक रिकार्ड है और वे क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए ऐसा कर रहे थे। बर्थ-डे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है। आजाद नगर थाने के टीआई तिलक करोले ने बताया कि अभिषेक नगर मूसाखेड़ी निवासी धीरज पुत्र संतोष धनौरे का जन्मदिन था। ममता कॉलोनी निवासी अमन उर्फ आमीन पुत्र अजीज पटेल, अभिषेक नगर निवासी दीपक पुत्र राम अवतार धनौरे इसे सेलिब्रेट कर रहे थे। इस दौरान आरोपी ने चाकू से केक काटा। इस दौरान आरोपियों ने रास्ते से गुजरते कृष्णा नाम के व्यक्ति से मारपीट भी की।वीडियो देखकर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और उन्हें पकड़कर थाने लाई। यहां आते ही आरोपी पुलिसकर्मियों के सामने हाथ जोड़कर खड़े हो गए। उन्होंने बताया कि लोगों में डर बैठाने के लिए इस तरह से बर्थ-डे बनाया था।

# प्रेमी के तीन मंजिला घर से कूदी युवती

## धोखा देने से गुस्साई तो प्रेमी ने मुंह दबाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सेंट्रल कोतवाली इलाके में एक युवती ने अपने प्रेमी के घर की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। तारों में उलझने के कारण युवती बाल-बाल बची। उसके हाथ-पैर में चोटें आई हैं। युवती के कूदने का वीडियो गुरुवार को सामने आया है। प्रेमी का परिवार युवती को अस्पताल लेकर पहुंचा और थोड़ी देर में वहां से भाग निकला। सेंट्रल कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

बजरंग दल को मामले की जानकारी लगी तो कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक खरगोन निवासी एक युवती बुधवार रात अपने प्रेमी आवेश के घर पहुंची। यहां आवेश के साथ उसकी कहासुनी हुई। युवती का आरोप था कि आवेश ने किसी और से शादी की है और उसे धोखा दे रहा है। आवेश उसके साथ मारपीट करता रहा। इस दौरान युवती, आवेश के साथ उस दूसरी युवती को देखने तीसरी मंजिल गई और यहां से छलांग लगा दी। युवती के बिल्डिंग से नीचे गिरने के बाद आवेश और उसका परिवार उसे पास ही स्थित अर्पण अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां परिवार मामले को दबाता रहा। आवेश ने इस दौरान युवती के मोबाइल से चैटिंग और अन्य चीजें डिलीट कर दी। इसके बाद परिवार उसे छोड़कर अस्पताल से भाग गया। अस्पताल पहुंचे बजरंग जिला संयोजक पप्पी ठाकुर यहां से वे युवती को लेकर दूसरे अस्पताल चले गए। उसकी हालत अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले में बयान के बाद पुलिस आरोपी पक्ष पर एफआईआर दर्ज कर सकती है। युवती ने बताया कि आरोपी आवेश से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। इसके बाद उसने 4 साल तक संबंध बनाए, लेकिन शादी नहीं की। इस मामले में पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में आवेश जेल भी जा चुका है। बाद में युवती के बयान बदलवाकर आवेश ने समझौते की पेशकश की और कहा कि वह जेल से आने के बाद शादी कर लेगा, लेकिन उसने शादी नहीं की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 15 अगस्त के दिन भी आरोपी ने नशा देकर उसके साथ रेप किया था।

# प्रेमिका संग रहने के लिए पत्नी की सुपारी देकर कराई हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कनाड़िया पुलिस ने 28 वर्षीय रानी की हत्या में उसके पति ईश्वर सोनगरा, तोषिका सोनगरा, शूटर मुजफ्फर सहित पांच को गिरफ्तार किया। तोषिका निजी स्कूल की एडमिन है और उसने तीन साल पूर्व स्कूल बस के ड्राइवर ईश्वर से शादी कर ली थी। दोनों ने साथ रहने के लिए की मंशा से रानी को रास्ते से हटाने साजिश की और मुजफ्फर को सुपारी देकर हत्या करवा दी। एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्रसिंह के मुताबिक ग्राम कनाड़िया निवासी रानी पति ईश्वर सोनगरा की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या की थी।

ईश्वर एमवाय अस्पताल ले गया और एक्सीडेंट में मृत बताकर शव मर्च्युरी में रखवा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली मिलने पर पुलिस ने ईश्वर को हिरासत में लिया तो हत्या स्वीकार ली पर तोषिका और शूटर की जानकारी नहीं दी। पुलिस ने कॉल डिटेल (सीडीआर) और पब्लिक स्वीच्ड टेलिफोन नेटवर्क (पीएसटीएन) डेटा के आधार पर तोषिका सोनगरा निवासी कनाड़िया, अमन पुत्र महेश मिमरोट निवासी गणराज नगर (खजराना), मोहम्मद समद पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी गोसिया मंदिर के पास (खजराना) मुजफ्फर पुत्र सलीम खान निवासी गांधी ग्राम कॉलोनी (खजराना) को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुजफ्फर भी स्कूल बस चलाता है और ईश्वर और तोषिका से दोस्ती है। उसने ही सुपारी लेकर रानी को गोली मारी थी। पुलिस हथियार की सप्लाई करने के मामले में एक बदमाश की तलाश कर रही है। एक की तो सड़क हादसे में आठ दिन पूर्व मौत हो चुकी है। हत्या और पिस्टल के लिए गोल्ड आई एडमिन टीआइ डॉ. सहर्ष यादव के मुताबिक तोषिका से तीन साल पूर्व ईश्वर ने शादी कर ली थी। रानी इसका विरोध करती थी। उसको बच्चों के लिए स्कूल में नौकरी करना पड़ी थी। तोषिका और ईश्वर ने साथ में साजिश की और रुपयों की व्यवस्था के लिए गोल्ड लोन लिया। ईश्वर ने पिस्टल के लिए 20 हजार और हत्या के लिए रानी ने 40 हजार रुपये दिए। मुजफ्फर ने समद से पिस्टल मांगी। समद ने अमन मिमरोट और अमन ने अमन देवड़ा व एक अन्य से मुलाकात करवाई। देवड़ा और उसके साथी का एक्सीडेंट हो चुका है। देवड़ा की उसमें मौत हो गई जबकि साथी की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक हत्या के पूर्व रानी की रैकी की गई थी। 14 अगस्त को स्कूल से आते वक्त मुजफ्फर बगैर नंबर की बाइक से हेलमेट लगाकर कनाड़िया पहुंचा और गोली मारकर फरार हो गया।

# शादी का झांसा देकर रेप, पीड़िता से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **खजराना पुलिस ने 27 साल की युवती से दुष्कर्म, मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी राहुल दमानी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पिछले 4 साल से पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था। जब उसने बात करना बंद कर दिया, तो पीड़िता ने मां एवं सहेली को बताया और एफआईआर दर्ज कराई।**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह और राहुल साल 2021 में एक निजी कंपनी में काम करते थे। इस दौरान दोनों की दोस्ती हो गई और मोबाइल पर बात होने लगी। एक दिन राहुल ने प्रपोज करते हुए कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। इसके बाद दोस्ती प्यार में बदल गई और फिर राहुल ने लिव इन में रहने की इच्छा जताई, तो युवती ने हां कर दी। युवती ने बताया कि अप्रैल 2022 से वे साथ रह रहे थे। राहुल को जाति के बारे में पहले ही बता दिया था। इसके बाद भी राहुल ने शारीरिक संबंध बनाए। जब भी शादी की बात करते, वह टाल देता। 30 सितंबर 2024 की रात राहुल ने मारपीट की और जातिसूचक शब्द कहे। फिर वह अलग रहने चला गया। युवती ने बताया कि राहुल से फिर बात की, तो उसने कहा कि नीच जाति की लड़की से शादी नहीं करूंगा।जब राहुल को समझाया, तो एक बार फिर वह कमरे पर मिलने आने लगा। इस बीच फिर से संबंध बनाए। 17 जून को गांव में घर बनाने की बात कहकर राहुल इंदौर से चला गया। पहले उससे मोबाइल पर बात होती थी, लेकिन एक दिन उससे शादी की बात की, तो उसने बात करना बंद कर दिया।

## अक्टूबर 2025 तक भोपाल में आरंभ होगी मेट्रो ट्रेन

# मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में आकार ले रहा है भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल देश के सुंदरतम शहरों में से एक है। प्रदेश की राजधानी के विकास को सुनियोजित करते हुए भोपाल को राज्य सरकार मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसका लाभ भोपाल के आसपास के जिलों को भी मिलेगा।**

भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वेस्टर्न बायपास भी विकसित किया जा रहा है। अक्टूबर 2025 तक भोपाल में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी आरंभ होगा। भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील के समान शिकारो का संचालन भी पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया जाएगा। भोपाल में नगर निगम के माध्यम से प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही नगर में विशाल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरपालिका निगम भोपाल द्वारा निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, नियुक्ति-पत्र वितरण और सफाई मित्रों के सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत रुपए 582.32 करोड़ की लागत से विभिन्न जलापूर्ति संबंधी कार्यों और 16 करोड़ 76 लाख रूपए लागत से विभिन्न वार्डों में होने वाले 50 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही नियुक्ति एवं अनुकंपा-पत्र प्रदान किए और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त होने पर सफाई मित्रों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्येक भारतवासी के जीवन को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप ही अमृत 2.0 परियोजना में भोपाल शहर के 30 हजार घरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जीवटता के परिणामस्वरूप ही देश में नगरीय विकास के साथ नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी तीव्र गति से हो रहा है। इससे आम आदमी का जीवन सरल और सुगम होगा। प्रदेश में 295 नगरों में विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि भारत में नगरीय व्यवस्था प्राचीनकाल से ही व्यवस्थित और समृद्ध रही है। हड़प्पा और मोहनजोदाड़ो इसके उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था आज दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। विश्व में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की साख है। भारतीय लोकतंत्र में स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र हो या राज्य, जब कोई भी योजना लागू होती है तो सबसे पहली भूमिका निकायों की होती है।





## मार्च 2027 तक हर ग्रामीण परिवार तक पहुंचेगा नल से जल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल हर घर तक नल से जल पहुंचाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि ग्रामीण परिवारों को आने वाले वर्षों तक सतत, गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ पेयजल सुविधा मिलती रहे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण नलजल योजनाओं की संचालन-संधारण नीति को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि गांव-गांव में पेयजल की स्थायी व्यवस्था बने और किसी परिवार को पानी के लिए कठिनाई न उठानी पड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं की संचालन एवं संधारण नीति पर हुई बैठक को संबोधित किया। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी नरहरि ने बताया कि अगस्त 2019 तक प्रदेश में मात्र 12.11 प्रतिशत यानी 13.53 लाख ग्रामीण परिवारों को ही नल से जल उपलब्ध था, जबकि अब यह संख्या बढ़कर 78.64 लाख से अधिक हो गई है। इस प्रकार 70.41 प्रतिशत ग्रामीण परिवार नलजल सुविधा से जुड़ चुके हैं। कुल 1.11 करोड़ परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, जिसे मार्च 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समूह नलजल की 147 योजनाओं में से अब तक 52 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिनसे 4,285 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 95 योजनाएँ प्रगति पर हैं। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी तथा जल निगम के प्रबंध संचालक केवीएस. चौधरी कोलसानी उपस्थित थे।

# फसलों को बचाने के लिए खेत के आसपास बिछाए बिजली तार चपेट में आने से 2 सियारों की मौत

◆ खेत मालिक के खिलाफ वन विभाग ने दर्ज किया प्रकरण, किसान फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। जिले के मनावर तहसील के ग्राम टेमरिया में मंगलवार रात खेत के चारों ओर बिछाए गए खुले बिजली के तारों के करंट की चपेट में आने से दो सियारों की मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने खेत मालिक के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है।**



वन मंडल अधिकारी विजयानंदम टीआर ने बताया कि वन परिक्षेत्र टाण्डा की सबरेंज जीराबाद अंतर्गत ग्राम टेमरिया में बिजली विभाग के पावरग्रिड के सामने स्थित मक्का की फसल वाले खेत में वन्यजीव मृत पाए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि खेत में बिछाए गए खुले बिजली के तार के कारण यह हादसा हुआ। मृत पाए गए सियारों में एक मादा की उम्र 2 से 3 वर्ष और दूसरी मादा की उम्र 3 से 4 वर्ष आंकी गई है।

**फसल सुरक्षा के लिए बिछाए थे तार-** आसपास के क्षेत्र में बिजली के तार दिखाई नहीं दिए, लेकिन ग्रामीणों से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि टेमरिया निवासी बापू पिता मडिया ने अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर विद्युत वायर बिछाया था। यही तार करंट से जुड़कर वन्यजीवों की मौत का कारण बने। घटना की जानकारी पर खंडलाई (मनावर) से पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर मृत सियारों का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट के बाद दोनों मृत वन्यजीवों का दाह संस्कार वन विभाग की टीम की मौजूदगी में किया गया।वन विभाग की टीम जब पूछताछ के लिए खेत मालिक बापू मडिया के घर पहुंची तो घर पर ताला लगा मिला और वह परिवार सहित फरार पाया गया। घटना के संबंध में उसके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच प्रचलित है और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को भी जागरूक करने पर बल दिया जा रहा है।

## पुल की रेलिंग से फिसलकर नदी में गिरी किशोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। जिले के अंगेठी बड़ौदा गांव में गुरुवार मलेनी नदी पर बने पुल की रेलिंग पर फोटो खिंचवाते समय 17 वर्षीय किशोरी नदी में गिर गई।**



काजल पिता परमानंद परिहार निवासी पल्दूना गांव अपने छोटे भाई के साथ खुद बाइक चलाकर माताजी मंदिर दर्शन करने गई थी। लौटते समय शाम करीब 4.20 बजे दोनों पुल पर रुके। काजल रेलिंग पर बैठ गई और छोटे भाई से फोटो खिंचवाने लगी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह नदी में गिर पड़ी। घटना के बाद छोटा भाई घबराकर गांव पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। थोड़ी ही देर में खबर पूरे इलाके में फैल गई। ग्रामीण, परिजन और सरपंच नितेश धाकड़ मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। नामली और पिपलौदा थाना पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

## दादी की अस्थि विसर्जन करने गए दो पौते नर्मदा नदी में डूबे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट धार।** डही के पास कातरखेड़ा नर्मदा नदी तट पर दादी की अस्थि का विसर्जन एवं मुंडन संस्कार के लिए तट पर पहुंचे आलीराजपुर के दो सगे भाईयों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय आकाश नहाने के दौरान नदी में डूबने लगा। यह देखकर 19 वर्षीय भाई हेमेश ने भी छलांग लगा दी। दोनों ही पानी की गहराई में डूबने लगे। दादा कालूसिंह ने बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। कालूसिंह की पत्नी की 10 अगस्त को मौत हुई थी। इसी के कार्यक्रम के लिए परिवार के लोग तट पर पहुंचे थे। जहां दुर्घटना हुई है कातरखेड़ा का वह स्थान डूब क्षेत्र है जहां पर बेकवॉटर का पानी भरा हुआ है। घटना की सूचना पर इंदौर में ट्रेनिंग ले रहे दोनों बच्चों के पिता होमगार्ड मुकेश सस्तिया डही पहुंचे। दोनों बच्चों की मौत के बाद अब परिवार में दो बहने बची है।

# संपादकीय

## ...तो क्या एक संवैधानिक न्यायालय हाथ पर हाथ धरे रह सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि अगर संवैधानिक पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन न करें या राज्य विधानसभाओं में पारित विधेयकों पर राज्यपाल की ओर से निष्क्रियता दिखाई जाए, तो क्या संवैधानिक अदालतें हाथ पर हाथ धरे रह सकती हैं। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी उस समय की, जब केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर कुछ राज्यपाल विधानसभा में पारित विधेयकों को लंबित रखते हैं, तो न्यायिक समाधान के बजाय राज्यों को राजनीतिक समाधान तलाशने चाहिए। संविधान पीठ में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। पीठ राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसके तहत उन्होंने यह जानने का प्रयास किया है कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं में पारित विधेयकों पर विचार करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकती हैं। पीठ ने कहा कि अगर कोई गलती हुई है, तो उसका समाधान होना चाहिए। जस्टिस गवई ने मेहता से सवाल किया, 'अगर संवैधानिक पदाधिकारी बिना किसी कारण के अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते हैं, तो क्या एक संवैधानिक न्यायालय हाथ पर हाथ धरे रह सकता है?' मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं के लिए अदालतें समाधान नहीं हो सकतीं और लोकतंत्र में बातचीत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'अगर किसी राज्यपाल की ओर से कोई निष्क्रियता दिखाई जा रही है, जो राज्य दर राज्य भिन्न हो सकती है, और अगर कोई असंतुष्ट राज्य इस संबंध में अदालत का रुख करता है, तो क्या ऐसी निष्क्रियता की न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह रोका जा सकता है। हमें बताइए, इसका समाधान क्या हो सकता है?' मेहता ने कुछ 'लचीलापन' अपनाने का आह्वान करते हुए कहा, 'मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयक को रोके बैठे हैं, तो ऐसे में कुछ राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। हर जगह ऐसा नहीं होता कि मुख्यमंत्री सीधे अदालत पहुंच जाएं। कई उदाहरण हैं, जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वह प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकाल लिये जाते हैं।' उन्होंने कहा कि गतिरोध सुलझाने के लिए कई बार टेलीफोन पर बातचीत की गई। मेहता ने कहा, 'पिछले कई दशकों से, अगर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसे सुलझाने के लिए यही प्रक्रिया अपनाई जाती रही है। प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल, राष्ट्रपति से मिलते हैं और कई बार कोई मध्य मार्ग भी निकाल लिया जाता है।' उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र के प्रतिनिधि राज्यपाल के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए दूरदर्शिता और राजनीतिक परिपक्वता अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मेहता ने दलील दी, 'मैं कह रहा हूं कि इस देश की हर समस्या का समाधान अदालत में ही मिले, यह जरूरी नहीं है। देश में कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान व्यवस्था के भीतर ही तलाशा जाता है।' उन्होंने कहा कि संविधान में कहीं भी राज्यपाल या राष्ट्रपति के लिए विधेयकों पर कार्रवाई करने के वास्ते कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इस पर चीफ जस्टिस ने मेहता से कहा, 'अगर कुछ गलत हुआ है, तो उसका समाधान भी होना चाहिए। यह अदालत संविधान की संरक्षक है और इसे संविधान की व्याख्या शाब्दिक अर्थ देकर करनी होगी।' जस्टिस सूर्यकांत ने चीफ जस्टिस की राय से सहमति जताई। उन्होंने कहा, 'अगर व्याख्या की शक्ति सर्वोच्च अदालत में निहित है, तो कानून की व्याख्या का प्रयास न्यायालय को ही करना चाहिए।'

isha



मुक्ति उनके लिए नहीं है जो भागना चाहते हैं। मुक्ति उनके लिए है जो तृप्ति से परिपूर्ण हैं।

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

### छोटे शहर की लड़की ने रचा इतिहास

# मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब जीतकर बनीं प्रेरणा




मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब जीतकर मानिका विश्वकर्मा ने न सिर्फ देश का नाम रोशन किया है बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की नई मिसाल भी पेश की है। साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचने की उनकी यह यात्रा इस बात का सबूत है कि अगर आत्मविश्वास, मेहनत और लगन हो तो कोई सपना अधूरा नहीं रह सकता है। मानिका विश्वकर्मा का सफर आसान नहीं था। छोटे शहर से आने वाली मानिका ने कई चुनौतियों का सामना किया। आर्थिक कठिनाइयां, समाज की बंदिशें और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उनकी यह सफलता उन तमाम महिलाओं को प्रेरित करती है, जो सीमित अवसरों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं।

### क्यों है यह जीत खास?

इस खिताब ने यह साबित किया कि अब टैलेंट और मेहनत ही असली पहचान है, न कि सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि।

मानिका का आत्मविश्वास और उनकी सोच यह दर्शाती है कि भारतीय महिलाएं किसी भी मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

यह जीत आने वाली पीढ़ी की लड़कियों के लिए प्रेरणा है कि वे भी सीमाओं से परे जाकर अपनी राह खुद बना सकती हैं।

### महिलाओं के लिए संदेश

मानिका कहती हैं कि "हर लड़की को खुद पर विश्वास रखना चाहिए। समाज चाहे कुछ भी कहे, अगर आप ठान लें तो कोई भी मुकाम हासिल करना नामुमकिन नहीं।" उनकी ये बातें महिलाओं के लिए सिर्फ एक संदेश नहीं बल्कि एक ऊर्जा हैं, जो उन्हें अपने सपनों की ओर आगे बढ़ने का हौसला देती हैं।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल

मानिका विश्वकर्मा की उपलब्धि महिलाओं के लिए यह संकेत है कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास ही असली शक्ति हैं। उनकी सफलता उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो किसी कारण से खुद को पीछे मानती हैं।

Bihar

# बिहार में दो पाकिस्तानी महिलाओं के बन गए वोटर आईडी कार्ड, SIR के बीच चौंकाने वाला खुलासा

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बीच चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भागलपुर में पाकिस्तान से आईं दो महिलाओं के वोटर आईडी कार्ड बन गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय की जांच में यह सामने आया है। मंत्रालय ने अवैध रूप से वीजा अवधि को ओवरस्टे कर रह रहे विदेशियों का पता लगाना शुरू किया है। इस पड़ताल में भागलपुर में तीन पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की पुष्टि हुई है। इनमें दो महिलाएं इशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर 3 टैंक लेन में रह रही हैं। मंत्रालय की रिपोर्ट पर जब पुलिस मुख्यालय ने एसएसपी से जांच



कराई तो हैरान करने वाले खुलासे हुए। इन दो महिलाओं के नाम पर मतदाता पहचान पत्र भी बन गया। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट पर पुलिस मुख्यालय में सनसनी फैल गई है। स्पेशल ब्रांच के एसपी ने अब विस्तृत जानकारी देकर भागलपुर के डीएम और एसएसपी से जांच और सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई समेत विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि दोनों पाकिस्तानी महिलाओं का नाम मतदाता सूची से काटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गृह मंत्रालय की जांच में सामने आया कि टैंक लेन में इमराना खानम उर्फ इमराना खातून, पिता इबतुल हसन और फिरदौसिया खानम पति मो. तफजील अहमद के नाम से मतदाता पहचान पत्र बनाया गया है।

P. Bangal

## महिला से 29 लाख रुपये ठगकर मैनेजर बना BSF कांस्टेबल, मिठाई दुकान से पुलिस ने दबोचा



**कोलकाता, , (एजेंसी)** कोलकाता में एक साल से फरार चल रहे बीएसएफ कांस्टेबल गौतम हालदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उस पर आरोप है कि उसने एक महिला को शादी और पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा देकर 29 लाख रुपये की ठगी की थी. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गौतम हालदार पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के तेहट्टा का रहने वाला है और राजारहाट स्थित बीएसएफ ऑफिस में तैनात था. इसी दौरान उसकी मुलाकात गारियाहाट में एक कार्यक्रम में महिला से हुई.

धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने महिला को भरोसा दिलाया कि वो जल्द ही शादी करेंगे और नया जीवन शुरू करेंगे. उसने महिला को पेट्रोल पंप में निवेश करने का सुझाव दिया. भरोसा कर महिला ने 29 लाख रुपये एडवांस के रूप में आरोपी को दे दिए. पैसे लेने के बाद आरोपी अचानक लापता हो गया और महिला से संपर्क तोड़ लिया.

महिला ने गारियाहाट थाने में शिकायत दर्ज कराई. वहीं आरोपी की पत्नी ने भी तेहट्टा में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. बीएसएफ की इंटेलिजेंस टीम भी उसकी तलाश में जुटी थी. पुलिस के अनुसार, आरोपी ने मोबाइल फोन बंद कर दिया था, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो गया.

Uttarpradesh

## रामपुर में दामाद ने ससुर को गोली मारी, मौके पर मौत, शादी के बाद था विवाद

**रामपुर, (एजेंसी) यूपी के रामपुर में मिलक कोतवाली क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब घरेलू विवाद को सुलझाने पहुंचे ससुर को दामाद ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. इतना ही नहीं, आरोपी दामाद ने फावड़े से भी हमला कर पत्नी की मां और बुआ को गंभीर रूप से घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल तमंचा और फावड़ा भी बरामद कर लिया है.**

घटना मिलक कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव की है. जानकारी के अनुसार, बड़ा गांव निवासी नदीम की शादी पांच साल पहले मुरादाबाद जिले के सिरस खेड़ा में अफसर अली की बेटी अरमाना से हुई थी. शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था. इसी विवाद को निपटाने और पंचायत करने के लिए ससुर अफसर अली, अपनी बहन और पत्नी के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे थे.

NCR

## एल्विश यादव के घर फायरिंग करने वाले शूटर का एनकाउंटर, इशांत उर्फ इशू के पैर में लगी गोली

**गुरुग्राम/फरीदाबाद, (एजेंसी)** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एल्विश यादव के घर पर फायरिंग करने के आरोपी शूटर को शुक्रवार तड़के एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के साथ संघर्ष के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने के चलते उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इशांत उर्फ ईशू गांधी बताया जा रहा है।

यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम सेक्टर 57 में स्थित घर के बाहर रविवार 17 अगस्त की सुबह दो नकाबपोश हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाई थीं। फायरिंग के बाद भाऊ गैंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट कर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस ने बताया था कि एल्विश के घर पर फायरिंग की



यह घटना सुबह करीब साढ़े 5 से 6 बजे के बीच हुई और उस वक्त एल्विश यादव घर पर नहीं थे। हालांकि उनके परिवार के कुछ सदस्य घर में थे, लेकिन हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, जिसमें दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश घर के बाहर आते और दूर से गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं। फायरिंग के बाद दोनों भाग गए थे।

खेल

# अभिनव साव ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण, भारत ने शीर्ष पर दावा किया मजबूत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय निशानेबाजों ने गुरुवार को 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन दांव पर लगे पांच में से चार स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम किया जिससे देश के पदकों की संख्या 26 हो गई। भारत ने अब तक 14 स्वर्ण, छह रजत और इतने ही कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।**

अभिनव साव ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने की शुरुआत की। उन्होंने पहले नारायण प्रणव (631.1 अंक से तीसरे स्थान पर) और हिमांशु (630.9 अंक से चौथे स्थान पर) के साथ क्वालीफिकेशन में 628.1 अंक हासिल कर फाइनल में जगह पक्की की। इसके अलावा उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के साथ तीनों का 1890.1 अंक का स्कोर एशियाई और जूनियर विश्व



रिकॉर्ड दोनों ही बने।

### महिला जूनियर स्कीट में मानसी ने लहराया परचम

वहीं, शॉटगन रेंज में मानसी रघुवंशी ने महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि हमवतन यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिदिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय निशानेबाज अग्रिमा कंवर (15) फाइनल में छठे और अंतिम स्थान पर रहीं। मानसी ने पांच दौर में कुल 106 अंक से दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि बशारोवा ने 112 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया।

यशस्वी 102 अंक से क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहीं और अग्रिमा ने भी 101 अंक से कट हासिल किया। इससे पहले ईशान सिंह लिब्रा (116), हरमेहर सिंह लाली (115) और ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया (110) ने क्रमशः पहले, तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पुरुष जूनियर स्कीट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में भारत के हरमेहर सिंह लाली ने 53 अंक से रजत पदक जीता जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने 43 अंक से कांस्य पदक प्राप्त किया। कजाखस्तान के आर्टयोम सेडेलनिकोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल सीनियर स्पर्धा के तीनों निशानेबाजों ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को एक और टीम स्वर्ण पदक दिलाया। लेकिन रुद्रांक्ष पाटिल और अर्जुन बबूता व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक नहीं जीत सके और फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

सिनेमा

## तारक मेहता...के एक एपिसोड के लिए इतनी मोटी रकम वसूलती हैं बबीता जी! जेठालाल को देती हैं टक्कर



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' कॉमेडी शो बीते करीब 18 सालों से दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। ये एक ऐसा शो जो न सिर्फ हर उम्र के लोगों का फेवरेट है, बल्कि इसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर एंजॉय करता है। असित मोदी के इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके कलाकार भी दर्शकों को बीच काफी पसंद किए जाते हैं। फिर चाहे वो जेठालाल हो, आत्माराम भिड़े या फिर बबीताजी। सभी की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। लेकिन क्या आप तारक मेहता के एक एपिसोड के लिए बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता कितना चार्ज करती हैं। अगर नहीं तो चलिए बताते हैं हम आपको। बबीता जी के किरदार से मशहूर हुईं मुनमुन दत्ता घर-घर में अपनी खास जगह बना चुकी हैं। मुनमुन दत्ता की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। अक्सर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को लेकर मनुमुन की फीस की खबरें सामने आती हैं। ऐसे में इस बार फिर से वो अपनी फीस को लेकर चर्चा में आई हैं। ईटाइम्स में 2024 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, मुनमुन दत्ता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा में प्रति एपिसोड 50,000 से 75,000 रुपये चार्ज करती हैं। हालांकि, फीस को लेकर एक्ट्रेस की तरफ से कभी भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं,अगर बात करें जेठालाल के फीस की तो मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिलीप जोशी क एपिसोड के लिए 1.5 लाख से 2 लाख रुपये तक कमाते हैं। वह इस शो के हाईएस्ट पेड एक्टर्स में से एक हैं। शो में जेठालाल और मुनमुन दत्ता के बीच की खट्टी-मीठी प्यार भरी नोक झोंक दर्शकों को काफी पसंद आती है।

## Highlights

1. **Raj Thackeray meets CM Fadnavis after losing BEST society polls**
2. **Heavy rain triggers flood threat in K'taka as Krishna River swells**
3. **Pigeon with 'IED blast' threat message caught near India-Pak border**
4. **Who is Cindy Singh, arrested in India for murder of 6-yr-old son?**

# Opinion Trading platform Probo halts operation as Online Gaming Bill clears Parliament

**NEW DEIHI, (Agency).** Opinion Trading platform Probo announced on Thursday that it has decided to discontinue its real-money gaming (RMG) operations immediately.

The company's decision comes as the Rajya Sabha passed the Promotion and Regulation of Online Gaming Bill, which bans all forms of online money games while promoting eSports and online social gaming. The bill was earlier passed in the Lok Sabha.

“As unfortunate as it is, we respect the government of India's latest Online Gaming bill. In light of this development, Probo has decided to discontinue its real-money gaming (RMG) operations with immediate effect until further notice,” Probo said in a statement.

"We remain steadfast in our vision to innovate and build information markets from India, for the world," the company added.




Probo, India's leading opinion trading platform, reviewed the newly introduced Online Gaming Bill and acknowledged the government's objective to build a safer and more transparent digital ecosystem.

Probo, the country's largest opinion trading platform with over 50 million registered users, enables trading across a wide range of event contracts.

Earlier, the company had urged the government to recognise Opinion Trading as a permissible skill-based activity and adopt a differentiated regulatory approach instead of a blanket prohibition.

“In India, opinion trading has been characterised as a game. However, in the United States of America, it has been regulated by the Commodity Futures Trading Commission as a Designated Contract Market - or in layman's terms - a financial market for information exchange and trading,” Anurag Dhandhi, Business Head at Probo, had said earlier, according to ANI.

# Centre pushes insurance GST relief

**NEW DEIHI, (Agency).** The Centre has proposed exempting individual life and health insurance premiums from the 18% goods and services tax (GST), a move that received positive response from a panel discussing the issue during crucial consensus-building talks in New Delhi on Wednesday.

Union finance minister Nirmala Sitharaman is spearheading efforts to build state consensus on Prime Minister Narendra Modi's “next generation” GST reforms ahead of the promised Diwali implementation, with the insurance exemption forming a key component of the broader overhaul.

Sitharaman is reaching out to three Groups of Ministers (GoMs)—the engagements were planned over Wednesday and Thursday—to secure agreement for reforms that would deliver Modi's promised “very big gift” to citizens this Diwali, now about two months away.




“There is near consensus in the GoM on this matter, but the council is the final authority,” said one person aware of the development, referring to the Group of Ministers examining the proposal.

The exemption would provide significant relief to millions of Indians currently paying 18% GST on both life and health insurance premiums, though it would cost the exchequer an estimated ₹9,700 crore in annual revenue.

Bihar deputy chief minister Samrat Choudhary, who heads the GoM on both rate rationalisation and insurance matters, confirmed the Centre's proposal and said his panel would make recommendations to the GST Council—the apex federal body that takes final decisions on indirect tax matters.

The insurance exemption is part of Modi's three-pillar GST reform vision announced during his Independence Day speech, encompassing structural reforms, rate rationalisation, and ease of living measures.

The finance ministry said Sitharaman addressed all three GoMs at Vigyan Bhawan, with the Union minister of state for finance, chief minister of Goa, deputy chief minister of Bihar and finance ministers from various states participating in the deliberations.

# सड़क हादसे में 10वीं के छात्र की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्याय)

इंदौर। कनाड़िया इलाके में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में 10वीं क्लास के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र का इलाज फिलहाल एक निजी अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार, दोनों छात्र सुबह जिम से लौट रहे थे तभी नई सड़क के पास एक स्कूली वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वैन चालक ने ही दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक एक छात्र की मौत हो चुकी थी।



कनाड़िया पुलिस के मुताबिक हादसा अंबामूलिया क्षेत्र के पास हुआ। मृतक छात्र की पहचान यश (16) पुत्र शंकर पांचाल निवासी गुलमर्ग कॉलोनी के रूप में हुई है। यश अपने दोस्त वंश के साथ सुबह करीब 8 बजे जिम से घर लौट रहा था। इसी दौरान स्कूली वैन ने बाइक को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि यश सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई, जबकि वंश को हाथ-पैर में चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने वैन को रोक लिया और तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान यश की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि यश एक निजी स्कूल में पढ़ाई करता था। उसके पिता एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते हैं। यश के परिवार में छोटा भाई और बहन भी है। बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घायल वंश से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

## मजदूर की मौत

इसी थाना क्षेत्र में एक और सड़क हादसा हुआ जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। हादसा बिचौली मर्दाना रोड पर हुआ, जहां एक बोलेरो वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान जगदीश पुत्र डोंगरमल निवासी बड़वानी के रूप में हुई है। उसके साथ अजय पुत्र भागवत और शानू भी बाइक पर सवार थे। तीनों को एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान जगदीश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर बोलेरो वाहन की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया कि तीनों युवक मजदूरी करते थे और काम के सिलसिले में इंदौर आए थे।




आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-9111050101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक